MEKONG CLUB

# सप्लायरस के लिए पारदर्शिता विधान मार्गदर्शिका

इस दस्तावेज़ का उद्देश्य ग्लोबल सप्लाई चेन्स में काम करने वाले व्यवसायों पर गुलामी-विरोधी/एच आर डी डी कानून के प्रभाव को संक्षेप में प्रस्तुत करना और उन्हें अपने दायित्वों को पूरा करने में मदद करना है। यह फ़ैक्टरीज़ के लिए बेहतर कार्यशील स्थितियाँ प्रदान करने के उपायों को प्रस्तुत करता है।



## गुलामी विरोधी/ एच आर डी डी कानून क्या है?

वैश्विक स्तर पर, निजी कंपनियों की अपनी सप्लाई चेन्स में मानवाधिकार जवाबदेही को संबोधित करने के लिए नए कानून लागू हो रहे हैं - जिन्हें गुलामी विरोधी कानून और मानवाधिकार सम्यक तत्परता कानून (एच आर डी डी) के रुप में जाना जाता है।

कंपनियां अब अपने मानवाधिकार प्रयासों को बेहतर बनाने के लिए अपनी सप्लाई चेन्स में जोखिमों को समझने और कम करने के लिए सक्रिय रुप से काम कर रही हैं।

यु एन जी पी और ओ ई सी डी एमएनई दिशानिर्देशों के अनुरुप गुलामी-विरोधी/एच आर डी डी कानून के लिए कंपनियों को वास्तविक और संभावित मानवाधिकार प्रभावों का आकलन करने की; निष्कर्षों को एकीकृत करने और उन पर कार्य करने की; प्रतिक्रियाओं को ट्रैक करने की; और प्रभावों का समाधान कैसे किया जाता है के बताये जाने की आवश्यकता है।

## एच आर डी डी कानून किस प्रकार के हैं?

### खुलासा:

कुछ गुलामी विरोधी/एच आर डी डी कानून में कंपनियों को अपने मानवाधिकार प्रयासों को प्रत्यक्ष लाने की आवश्यकता होती है, जैसे द कैलिफ़ोर्निया ट्रांसपेरेंसी इन सप्लाई चेन्स एक्ट, द यूनाइटेड किंगडम मॉडर्न स्लेवरी एक्ट और द ऑस्ट्रेलिया मॉडर्न स्लेवरी एक्ट।

### खुलासा + सम्यक तत्परता:

अधिक कठोर एच आर डी डी कानून के लिए कंपनियों को अपनी सप्लाई चेन्स का निरीक्षण करने और सम्यक तत्परता प्रयासों पर रिपोर्ट करने की आवश्यकता होती है, जैसे, द फ्रांस ड्यूटी ऑफ़ विजिलेंस एक्ट, द नॉर्वेजियन ट्रांसपेरेंसी एक्ट, द स्विस ट्रांसपेरेंसी ऑन नॉन-फाइनेंसियल मैटर्स और ड्यू-डिलिजेंस एंड ट्रांसपेरेंसी इन रिलेशन टु मिनरल्स एंड मेटल्स फ्रॉम कनफ्लिक्ट-अफेक्टेड एरियाज एंड चाइल्ड लेबर, और द कनाडा बिल S-211

### खुलासा + तत्परता + निवारण:

एच आर डी डी कानून लगातार सखत् हो रहा है। द जरमन सपलाई चेन् ड्यू डिलिजिंस एकट् और द कॉरपोरेट ससट्रेनेबलिटी ड्यू डिलिजिंस डायरेक्टवि (सी एस डी डी डी) - जो सभी सदसय् देशों के साथ-साथ यूरोपियन यूनयिन में सारथक कारोबार करने वाली कंपनियों को भी शामलि करता है - कंपनियों से यह चाहता है कवि:

- प्रबंधन प्रणालयिों में सम्यक तत्परता को एकीकृत करें
- जोखमि मूल्यांकन करें
- सप्लाई चेन् में करमचारयिों और अन्य हतिधारकों को शकियतें दरज् करने के सकष्म बनाने के लएि एक शकियत दरज् प्रणाली सथापति करें
- सम्यक तत्परता प्रयासों की प्रगतकि नरिकष्ण करे।

**पारदरशिता कानून के संबंध में अतरिकि्त जानकारी के लएि, कृपया info@themekongclub.org पर संपरक् करें।**

# सप्लायरस के लिए एच आर डी डी कानून का क्या महत्व है?

## प्रभावित कंपनियों (खरीदारों) के लिए परिणाम

खरीदार एक या एक से अधिक एच आर डी डी कानूनों के अधिकार क्षेत्र में आ सकते हैं, जो सीधे सप्लायरस से लेकर सप्लाई चेन् के निचले स्तरों तक उनकी पूरी सप्लाई चेन् को प्रभावित कर सकता है।

जबरन श्रम/ दयनीय श्रम प्रथाओं के आरोपों से जुड़ी कंपनियों को ब्रांड क्षति, गैर सरकारी संगठन दबाव, वर्ग-कार्रवाई मुकदमों और आपराधिक मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है जिसके परिणामस्वरुप भारी जुर्माना और अन्य दंड हो सकता हैं। उन्हें ग्राहकों और निवेशकों की आलोचना का भी सामना करना पड़ सकता है।

कंपनियां टियर 1 सप्लायरस से आगे बढ़कर, सप्लाई चेन् में कार्यकर्ताओं का निरीक्षण और सत्यापन बढ़ा रही हैं। विकल्प आचार संहिता और सामाजिक लेखापरीक्षा से आगे जा रहे हैं। व्यवसाय मे कर्मचारियों को संलग्न करने के लिए प्रत्यक्ष कार्यकर्ता आवाज और शिकायत दर्ज प्रणाली जैसे समाधान लागू कर रहे हैं।

## प्रभावित कंपनियों के सप्लायरस के लिए परिणाम (सप्लायरस)

मानवाधिकारों और श्रम मानकों का उल्लंघन करने वाले सप्लायरस के व्यावसायिक संबंध खतरे में पड़ जाएंगे। जहाँ कंपनियां तत्काल समाप्ति से उपचार-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ रही हैं, सप्लायरस से भी सम्यक तत्परता उपायों को लागू करने में सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की उम्मीद की जा रही है।

व्यवसाय को बनाए रखने के लिए, सप्लायरस के लिए खरीदारों के कानूनी दायित्वों और अपेक्षाओं को समझना और उनका अनुपालन करना महत्वपूर्ण है।

# सप्लायर अपने एच आर डी डी दायित्वों को पूरा करने के लिए खरीदारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं?

1) सप्लायर फ़ैक्टरीज़ और अपस्ट्रीम सप्लाई चेन् के भीतर कर्मचारी के लिए प्राथमिक जोखिम और मुख्य अनुपालन मुद्दों की पहचान करें। इलाज से बेहतर रोकथाम है।

2) एच आर डी डी के अंतरराष्ट्रीय मानकों तक पहुंचने की योजना बनाने के लिए खरीदारों और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ काम करे:

- पहचाने गए अनुपालन मुद्दों पर सुधार के लिए विशिष्ट कार्रवाई योग्य कदम
    - श्रम अधिकारों और निवारण पर प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण
    - शिकायत दर्ज प्रणाली /कार्यकर्ता आवाज कार्यक्रमों के विकास में सक्रिय रुप से भागीदारी
    - कर्मचारी को श्रम अधिकारों और शिकायत चैनलों/ कर्मचारी की आवाज पर शिक्षित करना

3) खरीदारों के साथ सम्यक तत्परता कार्यान्वियन और समर्थन के संभावित अनुरोधों पर बातचीत के माध्यम बनाए रखें

- व्यवसाय और उत्पादन क्षमता पर परिचालन संबंधी मुद्दों पर संवाद करें
- जिम्मेदार क्रय मानक में सुधार पर सहयोग करें
- परिचालन संबंधी मुद्दों को मिलकर सुलझाने के लिए पारदर्शिता में सुधार लाये

4) संभावित मानवाधिकार मुद्दों की जांच और समाधान में खरीदारों और तीसरे पक्ष के संगठनों के साथ सहयोग करें।

# फ़ैक्टरीज़ अपने कर्मचारियों के लिए जोखिम कम करने के लिए क्या उपाय कर सकती हैं?

## निष्पक्ष कार्य मानक

- कर्मचारियों को कानूनी न्यूनतम वेतन या स्थानीय उद्योग मानकों को पूरा करने वाला न्यूनतम वेतन दिया जाना चाहिए, जिसमें उनकी बुनियादी ज़रूरतें और कुछ वैकल्पिक आय शामिल हो
- उत्पादन कोटा और कार्य दरें उचित स्तर पर निर्धारित की जानी चाहिए जिससे न्यूनतम वेतन अर्जित करने के लिए कर्मचारियों को नियमित कार्य घंटों से अधिक काम करने की आवश्यकता न पड़े
- सभी ओवरटाइम स्वैच्छिक और काम के घंटों पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुपालन में होना चाहिए
- अत्यधिक ओवरटाइम के मुद्दों को संबोधित करते हुए सुधार के कदमों की रुपरेखा तैयार करने के लिए खरीदार कंपनियों के साथ विचार विमर्श किया जाना चाहिए
- ओवरटाइम काम का भुगतान नियमित काम की तुलना में अधिक दर पर किया जाना चाहिए
- कर्मचारियों को हर सात दिन में कम से कम एक दिन की छुट्टी दी जानी चाहिए
- कर्मचारियों को प्रति माह कम से कम एक बार नियमित रुप से नकद भुगतान किया जाना चाहिए
- प्रत्येक वेतन अवधि के लिए, कर्मचारियों को उस भाषा में विस्तृत वेतन विवरण प्रदान किया जाना चाहिए जिसे वे समझ सकें
- सभी कर्मचारियों को सीधे काम करने के लिए अनुबंधित किया जाना चाहिए
- कर्मचारियों के लिए प्रबंधन के साथ मुद्दों को पारदर्शी ढंग से और बिना किसी परिणाम के डर के संवाद करने और हल करने के लिए फैक्ट्री स्तर पर प्रभावी परिचालन शिकायत दर्ज प्रणाली विकसित किया जाना चाहिए।

## जबरन श्रम को रोकना

- जबरन श्रम मानक: धोखे या जबरदस्ती के माध्यम से भर्ती, स्वेच्छा से रोजगार समाप्त करने पर प्रतिबंध, कर्मचारियों के आवाजाही की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध निषिद्ध होना चाहिए
- कर्मचारियों की भर्ती पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीकों से की जाए
- यदि किसी तीसरे पक्ष भर्ती एजेंसी का उपयोग कर रहे हैं, तो कानूनी और नैतिक भर्ती प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ अनुबंध करने से पहले सम्यक तत्परता करें।
- कर्मचारियों के विरुद्ध अनुबंधों या भर्ती शुल्क/कागजी कार्रवाई का दुरुपयोग न करें
- किसी भी समय कर्मचारियों से प्रतिभूति धनराशि/बांड एकत्र न करें या कमाई करने से न रोकें
- अतिरिक्त अनुबंध या पर्याप्त संशोधनों वाले अनुबंध कर्मचारी पर नहीं थोपे जाने चाहिए
- कर्मचारियों को अपने पासपोर्ट, पहचान/यात्रा दस्तावेज़ और मूल्यवान वस्तुओं तक स्वतंत्र पहुंच होनी चाहिए
- कर्मचारियों को आवाजाही की स्वतंत्रता बरकरार रखनी चाहिए, और सुरक्षा चिंताओं पर आधारित उचित प्रतिबंधों के बारे में कर्मचारियों को स्पष्ट रुप से सूचित किया जाना चाहिए
- कर्मचारियों को अनुबंध शर्तों के तहत स्वेच्छा से अपना रोजगार समाप्त करने का अधिकार बनाया रखना चाहिए

# फ़ैक्टरीज़ अपने कर्मचारियों के लिए जोखिम कम करने के लिए क्या उपाय कर सकते हैं?



## उच्च जोखिम वाली आबादी: विदेशी प्रवासी कर्मचारी

- विदेशी प्रवासी कर्मचारी विशेष रुप से शोषण के प्रति संवेदनशील हैं: भाषा बाधा, समर्थन तक पहुंच की कमी, तीसरे पक्ष की एजेंसीज के माध्यम से लगातार भर्ती, अनियमित आव्रजन स्थिति पर आधारित भय
- विदेशी प्रवासी कर्मचारियों की भर्ती और आव्रजन शुल्क के भुगतान के लिए फ़ैक्टरीज़ जिम्मेदार होनी चाहिए
- रोज़गार समाप्त होने पर विदेशी कर्मचारी को उनके गृह देश वापस भेजने के लिए हुए भुगतान की ज़िम्मेदारी फ़ैक्टरीज़ की होनी चाहिए
- विदेशी प्रवासी श्रमिकों के अनुबंध उस भाषा में स्पष्ट होने चाहिए जिसे वे समझ सकें, और काम के देश और उनके गृह देश दोनों में लागू हों
- विदेशी प्रवासी कर्मचारियों की भर्ती में भर्ती एजेंसी की सम्यक तत्परता विशेष रुप से महत्वपूर्ण है




## उच्च जोखिम वाली आबादी: अनधिकृत ठेकेदारी

- अनधिकृत ठेकेदारी सप्लायरस और खरीदार कंपनियों दोनों के मानव अधिकार के सम्यक तत्परता अनुपालन के लिए जोखिम प्रस्तुत करती है क्योंकि सप्लाई चेन्स में फैक्ट्रीज से जुड़े हुए नीचे वाले ठेकेदार मानव अधिकारों और श्रम मुद्दों पर समान स्तर की जांच के अधीन नहीं हो सकते हैं।
- कुछ कंपनियां सप्लायरस के साथ अनुबंध की भाषा में अंतर्निहित अनधिकृत ठेके को अस्वीकार करती हैं और इसलिए ऐसी प्रथाएं खरीदार कंपनियों के साथ व्यावसायिक संबंधों को खतरे में डाल सकती हैं।
- अनधिकृत ठेकेदारी का उपयोग करने की संभावित आवश्यकता खरीदार कंपनियों से अनुचित उत्पादन ऑर्डर्स (यानी, अत्यधिक मात्रा और/या सीमित टर्नअराउंड समय) के मुद्दों से संबंधित हो सकती है, जिसे सप्लायरस की उचित परिचालन क्षमता के संबंध में पारदर्शी विचार विमर्श के माध्यम से ठीक किया जा सकता है।

Contact us at:

info@themekongclub.org

www.themekongclub.org

Follow us on:

@themekongclub

@themekongclub

@themekongclub

@themekongclub